IPCE (New Syllabus)
Paper - 2
Corporate & Other Laws

# DPH2(H)

MAY 2023

Roll No. ..............................

Total No. of Printed Pages – **24**

Total No. of Questions – **5**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, and (b) the answer book in respect of descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

## PART – II — 70 Marks

1. Question paper comprises **5** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **3** out of the remaining **4** questions.
2. Working note should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.



© The Institute of Chartered Accountants of India

**PART – II**

1. (a) Innovative Ltd. a start-up by a few qualified professionals, which was incorporated in 2014.The company is booming and favouring the younger generation to work. The Capital Structure of the Company is as follows : 6

| Particulars | INR (Crores) |
|---|---|
| Authorised Share Capital | |
| 100,00,000 Equity Shares of ₹ 10 Each | 10.00 |
| Issued, Subscribed and Paid-up Share Capital | |
| 50,00,000 Equity Shares of ₹ 10 Each | 5.00 |
| Share Premium | 1.00 |
| General Reserve | 3.52 |
| Profit & Loss Account | 1.58 |

The company decided to issue 30% sweat equity shares to a class of directors and permanent employees to keep them motivated and partner in growth. Lock-in period for sweat equity will be five years. For this purpose, a resolution in General meeting of Company was passed in this manner.

"The Resolution specifies 15 lakh sweat equity shares, Current Market price ₹ 25 per share with a consideration of ₹ 5 per share to be issued to a class of directors and employees."



© The Institute of Chartered Accountants of India

The company seeks your advice with reference to the provision of issue of sweat equity shares company under the Companies Act, 2013.

(i) Whether size of issue of sweat equity shares was appropriate ?

(ii) Whether lock-in period was justifiable ?

(b) ESPN Heavy Engineering Ltd. is a listed entity engaged in the business of providing engineering solutions to clients across the country. The company followed consistent growth over the years. Rate of Declaration of dividend in immediately preceding three financial years were 15%, 20%, and 25%. 6

Unfortunately, due to obsolescence of a special part of machinery, company incurred losses in current financial year.

Even though, during the financial year 2021-22, the company declared interim dividend of 10% on the equity shares.

The Board of Directors of the company approved the financial result for the FY 2021-22 in its meeting held on 5th August, 2022, and recommended a final dividend of @15% in this board meeting.

The general meeting of the shareholders was convened on 31st August, 2022. The shareholders of the company demanded that since interim dividend @10% was declared by the company, so the final dividend should not be less than 20%. It was also submitted that Rate of Declaration of dividend in immediately preceding three years were 15%, 20%, and 25% But the Company Secretary emphasised that final dividend cannot be increased.



© The Institute of Chartered Accountants of India

(i) Whether company can declare interim dividend, if company incurred losses during the current financial year ? What should be correct rate of interim dividend ?

(ii) Do you think decision of company secretary is correct ? What should be correct rate of final dividend ?

Justify your answer with reference to provisions of the Companies Act 2013.

(c) 'S' guarantees 'V' for the transactions to be done between 'V' & 'B' during the month of March, 2022. 'V' supplied goods of ₹ 30,000 on 01.03.2022 and of ₹ 20,000 on 03.03.2022 to 'B'. On 05.03.2022, 'S' died in a road accident. On 10.03.2022, being ignorant of the death of 'S', 'V' further supplied goods of ₹ 40,000. On default in payment by 'B' on due date, 'V' sued on legal heirs of 'S' for recovery of ₹ 90,000. Describe, whether legal heirs of 'S' are liable to pay ₹ 90,000 under the provisions of Indian Contract Act 1872. 4

What would be your answer, if the estate of 'S' is worth of ₹ 45,000 only ?

(d) 'A drew a cheque for ₹ 20,000 payable to 'B and delivered it to him. 'B' endorsed the cheque in favour of 'R' but kept it in his table drawer. Subsequently, 'B' died, and cheque was found by 'R' in 'B's table drawer. 'R' filed the suit for the recovery of cheque. Whether 'R' can recover cheque under the provisions of the Negotiable Instrument Act, 1881 ? 3



© The Institute of Chartered Accountants of India

2. (a) A General Meeting of ABC Private Ltd. was scheduled to be held on 15th April, 2022 at 3.00 P.M. As per the notice the members who will be unable to attend the meeting in person can appoint a proxy and the proxy forms duly filled should be sent to the company, so that company can receive it within time. Mr. X, a member of the company appoints Mr. Y as his proxy and the proxy form dated 10-04-2022 was deposited by Mr. Y with the company at its registered office on 11-04-2022. Similarly, another member Mr. W also gives two separate proxies to two individuals named Mr. M and Mr. N. In the case of Mr. M, the proxy dated 12-04-2022 was deposited with the company on the same day and the proxy form in favour of Mr. N was deposited on 14-04-2022. All the proxies viz., Y, M and N were present before the meeting. **4**

According to the provisions of the Companies Act, 2013, who would be the persons allowed to represent as proxies for members X and W respectively ?

(b) (i) A fraud was reported to SFIO by Statutory Auditors of PQ Ltd. in the current financial year 2021-22. A Competent Authority observed, during the investigation found that there is a need to re-open the accounts of PQ Ltd. for the financial year 2015-16 and therefore, they filed an application before the National Company Law Tribunal (NCLT) to issue the order against PQ Ltd. for re-opening of its accounts and recasting the financial statements for the financial year 2015-16. Examine the validity of the application filed by the Competent Authority to NCLT. **3**



© The Institute of Chartered Accountants of India

(ii) SSR & Co. (Statutory Auditors) while conducting audit for financial year 2021-22, find out some manipulative entries in books of accounts of ASR Ltd. Auditors told the MD that internal control system of company is not reliable. The Board of Directors of ASR Ltd. requested them to accept the assignment of designing and implementation of suitable financial information system to strengthen the internal control mechanism of the Company. The Company offered them a fee of Rs.10 lakhs plus taxes for this assignment for betterment of company. But Statutory Auditor refused to take the assignment. What are the consequences if they accept this assignment ? 3

(c) Akashia Steels is a famous manufacturer of steel products. Proprietor of Akashia Steels, Mr. S.K Jain appointed Mr. Satish as his agent. Mr. Satish is entrusted with the work of recovering money from various traders to whom firm sells its products. Satish has earned commission of ₹ 1,15,000 for his work. He recovers money from clients on behalf of Akashia steels. During a particular month he collcets ₹ 4,00,000 but deposited in the firm's account only ₹ 2,85,000 after deducting his commission ? 4

Examine with reference to relevant provisions of the Indian Contract Act, 1872, whether Act of Mr. Satish is valid ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(d) Mr. X draws a cheque in favour of Mr. R for payment of his outstanding dues of ₹ 5,00,000 on 26/07/2022 with date of 1/08/2022. At the time of issuing cheque, he was having sufficient balance in his account, but on 29/07/2022 he made payment for his taxes, now his bank account is left with only ₹ 4,50,000. So, Mr. X requested Mr. R not to present the cheque for payment, but he did not accept his request. So, Mr. X instructed the bank to stop payment of cheque issued for dated 01/08/2022 in favour of Mr. R. **3**

Decide, under the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 whether the said acts of Mr. X constitute an offence ?

3. (a) The aggregate value of the paid-up share capital of ABC Security Services, was ₹ 200 crore divided into 20 crore equity shares of ₹ 10/- each at the end of the Financial Year 2021-22 having its registered office at Mumbai. This company had been registered with an authorized share capital of ₹ 300 crore divided into 30 crore equity shares of ₹ 10/- each. The extract of Balance Sheet of the company as on 31st March, 2022 showed the following figures : **6**

| Particulars | ₹ Amount (in crore) |
|---|---|
| Authorized share capital | 300 |
| Paid -up share capital | 200 |
| Free reserves created out of profits | 200 |
| Securities Premium account | 80 |
| Credit balance of Profit & Loss account | 50 |
| Reserves created out of revaluation of assets | 25 |
| Miscellaneous expenditure not written off | 10 |

Turnover of the company during the Financial Year 2021-22 was ₹ 800 crore and the net profit calculated in accordance with section 198 of the Companies Act, 2013 with other adjustments as per CSR Rules was ₹ 4 crore only.

Praveen, Company Secretary of the company advised that the company attracts the provisions of section 135 of the Companies Act, 2013 and all the formalities have to be complied with accordingly.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Thereafter, on 30th April, 2022 a CSR committee was formed to comply with the provisions of Corporate Social Responsibility.

The Board of Directors of the company constituted of the following persons as its directors :

| | |
|---|---|
| Mohan Singh | Managing Director |
| Rohit and Bhavna | Independent Directors |
| Venkatesh, Isha, Mohit and Muskaan | Directors |

On the basis of above facts and by applying applicable provisions of Companies Act, 2013, answer the following :

(i) Is the contention of Praveen, Company Secretary of the company that the company attracts the provisions of section 135 of the Companies Act, 2013 and is required to form a CSR committee is correct ? Support your answer with the applicable provision and the required calculation.

(ii) It was decided that Mohan Singh, Venkatesh, Isha and Bhavna will be the members of CSR committee. Is this decision correct in the light of provisions of the Act and Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Rules, 2014 ?

(b) L Ltd. having 2,000 members with paid-up capital of ₹ 1 crore, decided to hold its Annual General Meeting (AGM) on 21st August, 2022. On 2nd July, 2022, 50 members holding paid-up capital of ₹ 6 lakhs in aggregate, has given notice of their intension for a resolution to be passed at the AGM for appointing Dawar & Co., as its Statutory auditor from F.Y. 2022-23 onwards, instead of its existing Statutory auditor, SNS & Co. which was originally appointed for 5 years term and had completed only 3 years term. 4

When such notice was received by existing auditors, they sent a representation in writing to the company along with a request for its notification to the members of the company.

In the context of aforesaid facts, answer the following question(s) according to provisions of the Companies Act, 2013 :

(i) Whether the said notice was given by adequate number of members and within the prescribed time limit to L Ltd. ?

(ii) Whether the company was bound to send such representation to its members made by SNS & Co ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) Discuss with reasons, whether the following persons can be called as a 'holder' under the Negotiable Instruments Act, 1881: 4

(i) X receives a promissory note drawn by his father by way of gift.

(ii) A received a cheque for full and final settlement of his dues from his client but, he is prohibited by a court order from receiving the amount of the cheque.

(iii) B, the agent of C, is entrusted with an instrument without endorsement by C, who is the payee.

(iv) P works in a bank. He steals a blank cheque of A and forges A's signature.

(d) When can the Preamble be used as an aid to interpretation of a statute ? 3

4. (a) H Ltd. is the holding company of S Pvt. Ltd. As per the last profit and loss account for the year ending 31st March, 2022 of S Pvt. Ltd., its turnover was ₹ 1.80 crores; and paid up share capital was ₹ 80 lakhs. The Board of Directors wants to avail the status of a small company. The company secretary of the company advised the directors that the company cannot be categorized as a small company. In the light of the above facts and in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013, you are required to examine whether the contention of practicing company secretary is correct, explaining the relevant provisions of the Act. 5



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) Mr. Raj is an employee of DSP Trading Pvt Ltd. As per his contract of employment, his annual salary is ₹ 5,00,000. Mr. Raj paid to the company ₹ 5,30,000 in the nature of non-interest bearing security deposit. Referring to the provisions of the Companies Act, 2013, define deposit and decide whether this amount received from Mr. Raj will be considered as deposit as per rule 2(1)(c) ? **5**

(c) "Whenever an Act is repealed, it must be considered as if it had never existed." Comment and explain the effect of repeal under the General Clause Act, 1897. **4**

(d) Explain the Doctrine of Contemporanea Expositio. **3**

5. (a) MBL Pharmaceutical Limited is committed to provide quality medicines at an affordable cost through relentless pursuit of excellence in its operations, product quality, documentation and services. The company is now focusing on oncology therapeutics & other generics with a vision to be a Global Leader in Oncology. The prospectus issued by the company contained some important extracts of the expert's report on research by oncology deptt. The report was found untrue. Mr. Diwakar purchased the shares of MBL Pharmaceutical Limited on the basis of the expert's report published in the prospectus. Will Mr. Diwakar have any remedy against the company ? State also the circumstances where an expert is not liable under the Companies Act, 2013. **5**

**OR**



© The Institute of Chartered Accountants of India

The Board of Directors are proposing to declare a bonus issue of 1 share for every 2 shares held by the existing shareholders.

The balance sheet of M/s Frontline Limited showed the following positions as at 31st March 2022 :

(i) Authorized Share Capital (50,00,000 equity shares of ₹ 10 each) ₹ 5,00,00,000

(ii) Issued, subscribed and paid-up Share Capital (20,00,000 equity shares of 10 each, fully paid-up) ₹ 2,00,00,000

(iii) Free Reserves ₹ 50,00,000

(iv) Securities premium account ₹ 25,00,000

(v) Capital Redemption Reserve ₹ 25,00,000

The Board wants to know the conditions of issuing bonus shares under the provisions of the Companies Act, 2013. Also explain, whether the company may proceed for a bonus issue.

(b) City Bakers Limited obtained a term loan of ₹ 1,00,00,000 from DNB Bank Ltd. The loan was granted by the bank by creating a charge on one of its office buildings and the charge was duly registered within 20 days from the date of creation of charge. Will such registration of charge be deemed to be a notice of charge to any person who wishes to lend money to the company against the security of such property ? Also explain the extension of time limit of its registration with the provisions under the Companies Act, 2013. 5



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) It is the owner of the goods, or any person authorized by him in that behalf, who can pledge the goods. But in order to facilitate mercantile transactions, the law has recognised certain exceptions. Do you think bonafide pledge can be made by non-owners ? If yes, explain the circumstances with reference to provisions of the Indian Contract Act, 1872. 4

(d) "No person shall be prosecuted and punished for the same offence more than once." Explain in the light of provisions of Section 26 of the General Clauses Act, 1897. 3

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

**PART-II**

**(Hindi Version)**

1. (a) इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड, कुछ योग्य पेशेवरों का स्टार्ट–अप है, जो कि, 2014 में समामेलित की गई । कम्पनी प्रगति कर रही है तथा युवा पीढ़ी को काम देने की पक्षधर है । कम्पनी की पूँजी संरचना निम्नलिखित है : 6

| विवरण | INR (करोड़ों में) |
|---|---|
| अधिकृत अंश पूँजी | |
| 1,00,00,000 समता अंश, प्रत्येक ₹ 10 | 10.00 |
| निर्गमित, अभिदत्त एवं चुकता अंश पूँजी | |
| 50,00,000 समता अंश, प्रत्येक ₹ 10 | 5.00 |
| अंश प्रीमियम | 1.00 |
| सामान्य संचय | 3.52 |
| लाभ एवं हानि खाता | 1.58 |

कम्पनी ने संचालकों के एक वर्ग को तथा स्थायी कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने एवं प्रगति में भागीदार बनाने के लिये 30% स्वेट समता अंश जारी करने का निर्णय लिया । इस हेतु कम्पनी की सामान्य सभा में इस प्रकार प्रस्ताव पारित किया गया ।

"प्रस्ताव में वर्णित था कि 15 लाख स्वेट समता अंश जिनका वर्तमान बाजार मूल्य ₹ 25 प्रति अंश है, ₹ 5 के प्रतिफल पर कर्मचारियों एवं संचालकों के एक वर्ग को दिये जायें ।"

कम्पनी अधिनियम, 2013, के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए कम्पनी स्वेट समता अंशों को जारी करने के सम्बन्ध में आपका परामर्श चाहती है –

(i) क्या स्वेट समता अंशों का आकार पर्याप्त है ?

(ii) क्या लॉक इन अवधि उचित है ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) ESPN हेवी इंजीनियरिंग लिमिटेड एक सूचीबद्ध कम्पनी है जो पूरे देश में अपने ग्राहकों को इंजीनियरिंग सोल्युशन उपलब्ध कराने का कार्य करती है । कम्पनी उत्तरोत्तर प्रगति कर रही है । कम्पनी की तुरन्त पिछले तीन वर्षों के घोषित लाभांश की दर 15%, 20% तथा 25% है । 6

दुर्भाग्य से, मशीन के एक विशेष हिस्से के अप्रचलित हो जाने के कारण कम्पनी को चालू वर्ष में हानि हो गई ।

तत्पश्चात्, भी कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान समता अंशों पर 10% अन्तरिम लाभांश घोषित किया ।

कम्पनी के संचालक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के वित्तीय परिणाम, 5 अगस्त, 2022 को आयोजित सभा में अनुमोदित किये तथा इस संचालक सभा में 15% अन्तिम लाभांश की अनुशंसा की ।

कम्पनी के अंशधारकों की साधारण सभा 31 अगस्त, 2022 को हुई । कम्पनी के अंशधारियों ने माँग की कि चूँकि अन्तरिम लाभांश 10% घोषित किया गया था अतः अन्तिम लाभांश 20% से कम नहीं हो सकता । यह भी कहा गया कि तत्काल पूर्ववर्ती 3 वर्षों में लाभांश की दर 15%, 20% तथा 25% थी । परन्तु, कम्पनी सचिव ने जोर दिया कि अन्तिम लाभांश बढ़ाया नहीं जा सकता ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

(i) यदि कम्पनी को हानि हो रही है तो भी क्या कम्पनी अन्तरिम लाभांश घोषित कर सकती है ? अन्तरिम लाभांश की सही दर क्या होनी चाहिये ?

(ii) क्या आपके अनुसार कम्पनी सचिव का निर्णय सही है ? अन्तिम लाभांश की सही दर क्या होनी चाहिये ?

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में अपने उत्तर की जाँच कीजिये ।

(c) 'S' ने 'V' को मार्च 2022 के दौरान 'V' तथा 'B' के मध्य होने वाले व्यवहारों की गारन्टी दी । 'V' ने 'B' को 01.03.2022 को ₹ 30,000 का 03.03.2022 को ₹ 20,000 का माल आपूर्ति किया । 05.03.2022 को एक सड़क दुर्घटना में 'S' की मृत्यु हो गई । 10.03.2022 को 'S' की मृत्यु से अनभिज्ञता में 'S' ने 'V' को ₹ 40,000 का माल और भेजा । नियत तिथि पर 'B' द्वारा भुगतान करने में त्रुटि करने पर 'V' ने 'S' के वैधानिक उत्तराधिकारी पर ₹ 90,000 की वसूली हेतु वाद किया । बताइये कि क्या भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, के प्रावधानों के अन्तर्गत 'S' का वैधानिक उत्तराधिकारी ₹ 90,000 का भुगतान करने हेतु बाध्य है ? यदि 'S' की सम्पत्ति का मूल्य केवल ₹ 45,000 है, तो आपका उत्तर क्या होगा ? 4

(d) 'A ने ₹ 20,000 का एक चैक लिखा जो कि 'B' को भुगतान योग्य था तथा इसे 'B' को दिया । 'B' ने यह चैक 'R' के पक्ष में पराक्रमित कर दिया, परन्तु इसे अपनी टेबल की दराज में रख दिया । तत्पश्चात्, 'B' की मृत्यु हो गई तथा चैक 'R' को 'B' की टेबल की दराज से मिला । 'R' ने चैक की वसूली हेतु वाद प्रस्तुत किया । पराक्रम्य अभिलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के अन्तर्गत क्या 'R' चैक की वसूली कर सकता है ? 3



© The Institute of Chartered Accountants of India

2. (a) ABC प्राइवेट लिमिटेड की साधारण सभा 15 अप्रैल, 2022 को 3 बजे आयोजित करना निर्धारित किया । सदस्यों को दी गई सूचना के अनुसार वे सदस्य जो सभा में सम्मिलित होने में असमर्थ हैं, वे प्रति पुरुष की नियुक्ति कर सकते हैं तथा इस हेतु वे उचित रूप से प्रति पुरुष फार्म भरकर कम्पनी को भेजेंगे ताकि कम्पनी को समय पर प्राप्त हो सकें । मि. X जो कि कम्पनी के सदस्य हैं ने मि. Y को प्रति पुरुष नियुक्त किया तथा प्रति पुरुष फार्म 10-04-2022 को भर दिया एवं यह फार्म Y द्वारा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में 11-04-2022 को जमा करवा दिया गया । इसी प्रकार मिस्टर W जो कि कम्पनी के सदस्य हैं ने दो अलग-अलग व्यक्तियों मिस्टर M तथा मिस्टर N के दो पृथक पृथक प्रति पुरुषों के रूप में नाम दिये । मिस्टर M, का प्रति पुरुष फार्म 12-4-2022 को भरकर उसी दिन कम्पनी में जमा करवाया गया । जबकि मिस्टर N के नाम वाला प्रति पुरुष फार्म 14-04-2022 को कम्पनी में जमा करवाया गया । सभी प्रति पुरुष अर्थात्, Y, M तथा N सभा से पूर्व उपस्थित थे । **4**

कम्पनी अधिनियम, 2013, के प्रावधानों के अनुसार, X तथा W के लिये प्रति पुरुष के रूप में सम्मिलित होने की अनुमति किसे दी जायेगी ?

(b) (i) PQ लिमिटेड के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में SFIO को कपट की रिपोर्ट की गई । एक सक्षम अधिकारी ने, जाँच के दौरान यह अवलोकन किया कि PQ लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2015-16 के खातों को पुन: खोलने की आवश्यकता है । अत: उन्होंने NCLT को PQ लिमिटेड के विरुद्ध वित्तीय वर्ष 2015-16 के खातों को पुनः खोलने एवं वित्तीय विवरणों को पुनर्स्थापित करने का आदेश देने हेतु आवेदन किया । सक्षम अधिकारी द्वारा NCLT को किये गये आवेदन की वैधता की जाँच कीजिये । **3**



**© The Institute of Chartered Accountants of India**

(ii) SSR & Co. (वैधानिक अंकेक्षकों) ने ASR लिमिटेड की 2021-22 वित्तीय वर्ष के अंकेक्षण के दौरान, लेखा पुस्तकों में कुछ झूठी प्रविष्टियाँ पकड़ी । अंकेक्षकों ने प्रबंध निदेशक को कहा कि कम्पनी की आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली विश्वसनीय नहीं है । ASR लिमिटेड के संचालक मण्डल ने कम्पनी की आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने के लिये उपयुक्त वित्तीय सूचना प्रणाली के डिजाइन बनाने एवं उसे क्रियान्वित करने के कार्य को उन्हें करने का प्रस्ताव दिया । कम्पनी को बेहतर बनाने के लिये इस कार्य हेतु उनको ₹ 10 लाख तथा कर फीस के रूप में देने का प्रस्ताव दिया गया । परन्तु वैधानिक अंकेक्षकों ने यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया । यदि वह यह प्रस्ताव स्वीकार कर लेते हैं तो इनके क्या प्रभाव होंगे ? 3

(c) अक्षिता स्टील्स, स्टील उत्पादों की मशहुर निर्माता है । अक्षिता स्टील्स के मालिक मिस्टर S.K. जैन ने मिस्टर सतीश को अपने एजेन्ट के रूप में नियुक्त किया । मिस्टर सतीश को उन व्यापारियों से राशि वसूल करने का कार्य दिया गया जिनको कम्पनी अपने उत्पाद बेचती है । सतीश ने अपने कार्य के लिये ₹ 1,15,000 का कमीशन अर्जित किया । वह अक्षिता स्टील के ग्राहकों से उनके लिये राशि वसूल करता है । उसने एक माह में ₹ 4,00,000 वसूल किये परन्तु उसने फर्म के खाते में अपना कमीशन काट कर शेष केवल ₹ 2,85,000 जमा किये । 4

भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत जाँच कीजिये कि क्या सतीश का यह कार्य उचित है ?



**© The Institute of Chartered Accountants of India**

(d) मिस्टर X ने मिस्टर R के पक्ष में अपनी ₹ 5,00,000 की बकाया राशि के भुगतान के लिये 26/07/2022 को 1/08/2022 की तिथि का एक चैक लिखा । चैक जारी करते समय उसके खाते में पर्याप्त राशि थी परन्तु 29/07/2022 को उसने कर राशि का भुगतान किया तथा अब उसके खाते में ₹ 4,50,000 शेष रहे । अत: मि. X ने मि. R को भुगतान हेतु चैक बैंक में प्रस्तुत करने से मना किया परन्तु उसने इस प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया । अत: मि. X ने बैंक को 01/08/2022 को जारी किये गये चैक का भुगतान रोकने के निर्देश दिये । पराक्रम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के अन्तर्गत बताइये क्या मि. X ने अपराध किया है ? 3

3. (a) वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्त में ABC सिक्यूरिटी सर्विस जिसका पंजीकृत कार्यालय मुम्बई में है की कुल प्रदत्त अंश पूँजी ₹ 200 करोड़ रुपये है जो कि ₹ 10 वाले 20 करोड़ समता अंशो में विभाजित है । कम्पनी ₹ 300 करोड़ की अधिकृत पूँजी से रजिस्टर्ड है जो कि 10 रुपये वाले 30 करोड़ अंशों में विभाजित है । 31 मार्च, 2022 को कम्पनी के चिट्ठे से निम्नलिखित आँकड़े प्राप्त होते हैं : 6

| विवरण | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| अधिकृत अंश पूँजी | 300 |
| प्रदत्त अंश पूँजी | 200 |
| मुक्त संचय जो कि लाभों से सृजित हैं | 200 |
| अंश प्रीमियम खाता | 80 |
| लाभ एवं हानि खाते का जमा शेष | 50 |
| पुनर्मूल्यांकन संचय जो कि सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से बनाया गया है | 25 |
| विविध व्यय (अपलिखित नहीं किये हैं) | 10 |

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कम्पनी का टर्नओवर ₹ 800 करोड़ था । कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के अनुसार गणना करके कम्पनी का शुद्ध लाभ ₹ 4 करोड़ था इसमें CSR नियमों के अनुसार समायोजन भी कर लिया गया था ।

प्रवीण, कम्पनी सचिव ने सलाह दी कि कम्पनी, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के अन्तर्गत आती है अतः कम्पनी को उसी के अनुसार औपचारिकताएँ पूर्ण करनी चाहिये । तत्पश्चात्, 30 अप्रैल, 2022 को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रावधानों के अनुसार CSR समिति बनाई गई ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

कम्पनी के संचालक मण्डल ने निम्नलिखित व्यक्तियों को संचालक नियुक्त किया :

| | |
|---|---|
| मोहन सिंह | प्रबंध संचालक |
| रोहित एवं भावना | स्वतंत्र संचालक |
| वेंकटेश, ईशा, मोहन एवं मुस्कान | संचालक गण |

निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(i) क्या प्रवीण, कम्पनी सचिव का यह तर्क कि, कम्पनी, कम्पनी अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों को आकर्षित करती हैं तथा CSR समिति बनाने की आवश्यकता है, सही है ? अपने उत्तर के पक्ष में लागू होने वाले प्रावधानों एवं आवश्यक गणना भी दीजिये।

(ii) यह निर्णय लिया गया कि मोहन सिंह, ईशा एवं भावना CSR समिति के सदस्य होंगे। कम्पनी अधिनियम तथा (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 के अन्तर्गत क्या यह निर्णय उचित है ?

(b) L लिमिटेड जिसकी प्रदत्त अंश पूँजी ₹ 1 करोड़ तथा जिसमें 2,000 सदस्य हैं ने 21 अगस्त, 2022 को वार्षिक साधारण सभा बुलाने का निर्णय लिया। 2 जुलाई, 2022 को 50 सदस्यों जो ₹ 6 लाख की चुकता अंश पूँजी को धारित करते हैं के द्वारा साधारण सभा में इस आशय का प्रस्ताव रखने की सूचना दी गई कि वे डावर & कम्पनी को SNS & Co. के स्थान पर वैधानिक अंकेक्षक के रूप में नियुक्त करना चाहते हैं। SNS & Co. जिसकी नियुक्ति मूल रूप से 5 वर्षों के लिये की गई थी ने अभी केवल 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। जब यह सूचना विद्यमान अंकेक्षकों को मिली तो उन्होंने कम्पनी को लिखित रूप से अपना प्रतिनिधित्व इस प्रार्थना के साथ भेजा कि इसकी जानकारी सदस्यों को भी भेजी जाये। 4

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(i) क्या L लिमिटेड को दी गयी सूचना पर्याप्त समय सीमा में दी गई थी तथा सदस्यों की संख्या इस हेतु पर्याप्त थी ?

(ii) क्या SNS & Co. द्वारा दिया गया प्रतिनिधित्व कम्पनी अपने सदस्यों को भेजने के लिये बाध्य है ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) कारण सहित बताइये कि परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत क्या निम्नलिखित व्यक्ति धारक हैं : 4

(i) X को एक प्रतिज्ञा पत्र प्राप्त हुआ जो कि उसके पिता ने लिखा है तथा उसे उपहार के रूप में दिया है ।

(ii) A को अपने ग्राहक से पूर्ण भुगतान के रूप में एक चैक प्राप्त हुआ परन्तु कोर्ट के आदेश से उसे चैक की राशि प्राप्त करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

(iii) C जो कि आदाता है ने एक विलेख B, जो कि C का एजेन्ट है को रखने के लिये दिया है, C ने इसका पराक्रमण नहीं किया है ।

(iv) P एक बैंक में कार्य करता है । उसने A का एक खाली चैक चुरा लिया और उस पर A के जाली हस्ताक्षर किये ।

(d) संविधियों के स्पष्टीकरण में सहायता हेतु प्रस्तावना को कब प्रयोग में लिया जा सकता है ? 3

4. (a) H लिमिटेड S प्राइवेट लिमिटेड की सूत्रधारी कम्पनी है । S प्राइवेट लिमिटेड के 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लाभ-हानि खाते के अनुसार इनका टर्नओवर ₹ 1.80 करोड़ था तथा प्रदत्त अंश पूँजी 80 लाख थी । संचालक मण्डल लघु कम्पनी का दर्जा प्राप्त करना चाहते है । कम्पनी सचिव ने संचालकों को सलाह दी कि कम्पनी को लघु कम्पनी की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता । उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 2013 के सम्बन्धित प्रावधानों को समझाते हुए कम्पनी सचिव के तर्क की जाँच कीजिये । 5



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) मि. राज, DSP ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी हैं । उनके सेवा शर्तों के अनुसार उनकी वार्षिक आय ₹ 5,00,000 है । मि. राज ने कम्पनी को ब्याज रहित जमानत राशि के रूप में ₹ 5,30,000 का भुगतान किया । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत जमाओं की परिभाषा दीजिये तथा निर्णय कीजिये कि क्या मि. राज से प्राप्त राशि नियम 2(1)(c) के अन्तर्गत जमाओं की श्रेणी में रखी जायेगी ? 5

(c) "जब भी एक अधिनियम निरस्त हो जाता है तो उसे इस तरह मानना चाहिये कि यह कभी अस्तित्व में नहीं था ।" टिप्पणी कीजिये तथा सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के अन्तर्गत खण्डन के प्रभाव बताइए । 4

(d) Contemporanea Expositio/कन्टेम्प्रैनिया एक्सपोजिटीस्ट के सिद्धांत को समझाइये । 3

5. (a) MBL फार्मास्यूटिकल लिमिटेड अपनी क्रियाओं, उत्पाद गुणवत्ता, दस्तावेजीकरण एवं सेवाओं में अनवरत उत्कर्षता के द्वारा गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उचित लागत पर उपलब्ध करवाने के लिये कटिबद्ध है । कम्पनी अब ओंकोंलोजी में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने के उद्देश्य से ओंकोंलोजी चिकित्सा एवं अन्य सहायताओं पर ध्यान केन्द्रित कर रही है । कम्पनी के द्वारा जारी प्रविवरण में ओंकोलोजी विभाग के शोध पर विशेषज्ञ रिपोर्ट का निष्कर्ष भी शामिल है । रिपोर्ट असत्य पाई गई । मि. दिवाकर ने MBL फार्मास्यूटिकल लिमिटेड के अंश, प्रविवरण में छपी विशेषज्ञ रिपोर्ट के आधार पर क्रय किये थे । क्या मि. दिवाकर को कम्पनी के विरुद्ध कोई उपचार प्राप्त होगा ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत वे परिस्थितियाँ भी बताइये जब कोई विशेषज्ञ दायी नहीं होता है । 5

**अथवा**



© The Institute of Chartered Accountants of India

कम्पनी के संचालक मण्डल ने विद्यमान अंशधारियों को उनके द्वारा धारित प्रत्येक 2 अंशों के लिये 1 अंश बोनस अंश के रूप में जारी करने का प्रस्ताव किया। M/s फ्रंटलाइन लिमिटेड के चिट्ठे से 31 मार्च, 2022 को निम्नलिखित स्थिति दर्शाता है :

(i) अधिकृत अंश पूँजी (50,00,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक) 5,00,00,000

(ii) निर्गमित, अभिदत्त एवं चुकता अंश पूँजी (20,00,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक) 2,00,00,000

(iii) मुक्त संचय ₹ 50,00,000

(iv) अंश प्रीमियम खाता ₹ 25,00,000

(v) पूँजी शोधक संचय ₹ 25,00,000

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत संचालक मण्डल बोनस अंश जारी करने की शर्तें जानना चाहता है। यह भी बताइये कि क्या कम्पनी बोनस अंश जारी कर सकती है ?

(b) सिटी बेकर लिमिटेड ने, DNB बैंक से ₹ 1,00,00,000 का टर्न लोन लिया। बैंक ने इसके एक ऑफिस भवन पर प्रभार सृजित करके इसे ऋण दिया तथा यह प्रभार 20 दिनों के भीतर उचित तरीके से पंजीकृत किया। क्या यह पंजीकृत प्रभार किसी ऐसे व्यक्ति के लिये जो इसी सम्पत्ति की जमानत पर कम्पनी को ऋण देना चाहता हो, के लिये प्रभार की सूचना माना जायेगा। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत इस पंजीयन हेतु समय सीमा में प्राप्त विस्तार अवधि को भी समझाइये। 5



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) माल का मालिक अथवा उसके द्वारा अधिकृत कोई व्यक्ति माल को गिरवी रख सकता है । परन्तु व्यापारिक लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिये, कानून ने कुछ अपवादों को मान्यता दी है । क्या गैर मालिकों द्वारा सद्भावना में गिरवी रखा जा सकता है ? यदि हाँ, तो भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत इन परिस्थितियों को समझाइये । **4**

(d) "किसी भी व्यक्ति पर एक से अधिक बार उसी अपराध के लिये मुकदमा नहीं चलाया जा सकता एवं दण्डित नहीं किया जा सकता ।" सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के धारा 26 के अन्तर्गत समझाइये । **3**

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

**DPH2(H)**

रोल नं. ............................ कुल पृष्ठ – 24

कुल प्रश्नों की संख्या – 5 अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखना है । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे हैं । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I और (b) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

**भाग – II** **70 अंक**

1. **भाग–II में 5 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है तथा शेष 4 प्रश्नों में से किन्हीं 3 का उत्तर देना है ।**
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।



© The Institute of Chartered Accountants of India